**B**

# CCE RR

**REDUCED SYLLABUS**

**ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD, MALLESHWARAM, BENGALURU – 560 003**

**ಜೂನ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ - 2**

**JUNE 2024 EXAMINATION - 2**

**ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು**

**MODEL ANSWERS**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 60-H** **Code No. : 60-H**

**ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ (NCERT)**

**Subject : Third Language — HINDI (NCERT)**

**( ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ )**

**( Regular Repeater )**

**ದಿನಾಂಕ : 15. 06. 2024 ]** **[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80**

**Date : 15. 06. 2024 ]** **[ Max. Marks : 80**

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** $8 \times 1 = 8$ | |
| 1. | निम्न में से एकवचन रूपी शब्द है –<br>(A) खिड़कियाँ (B) घोड़े<br>(C) चींटी (D) लड़के<br>उत्तर : (C) चींटी | 1 |
| 2. | 'उपस्थिति' शब्द का विलोम शब्द है –<br>(A) हाजिर (B) अनुपस्थिति<br>(C) तैयार (D) अनानुकूल<br>उत्तर : (B) अनुपस्थिति | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 3. | 'उम्मीद' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –<br>(A) आज़ादी (B) शासन<br>(C) सफलता (D) भरोसा<br>**उत्तर :** (D) भरोसा | 1 |
| 4. | निम्न में से प्रत्यययुक्त शब्द है –<br>(A) प्रायोगिक (B) अज्ञात<br>(C) दुर्घटना (D) नापसंद<br>**उत्तर :** (A) प्रायोगिक | 1 |
| 5. | तताँरा को देखकर वह फूटकर रोने लगी।<br>उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –<br>(A) प्रश्नवाचक (B) योजक<br>(C) अर्धविराम (D) पूर्ण विराम<br>**उत्तर :** (D) पूर्ण विराम | 1 |
| 6. | 'राष्ट्रपति' शब्द इस समास का उदाहरण है –<br>(A) तत्पुरुष समास (B) कर्मधारय समास<br>(C) अव्ययीभाव समास (D) द्विगु समास<br>**उत्तर :** (A) तत्पुरुष समास | 1 |
| 7. | 'विद्यार्थी' शब्द इस संधि का उदाहरण है –<br>(A) विसर्ग संधि (B) गुण संधि<br>(C) वृद्धि संधि (D) दीर्घ संधि<br>**उत्तर :** (D) दीर्घ संधि | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| 8. | कबूतर परेशानी ........... इधर-उधर फड़फड़ा रहे थे।<br>उपर्युक्त वाक्य के लिए उचित कारक चिह्न है –<br>(A) को (B) में<br>(C) पर (D) ने<br>उत्तर : (B) में | | 1 |
| II. | **सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए :** | 4 × 1 = 4 | |
| | **अ** | **ब** | |
| 9. | बड़े भाई | a) रवींद्रनाथ ठाकुर | |
| 10. | सुलेमान | b) मैथिलीशरण गुप्त | |
| 11. | वीर कर्ण | c) खेलकूद | |
| 12. | आत्मत्राण | d) कुरआन | |
| | | e) शरीर-चर्म का दान | |
| | | f) अध्ययनशील | |
| | | g) स्वमांस का दान | |
| | **उत्तर :** | | |
| 9. | f) अध्ययनशील | | 1 |
| 10. | d) कुरआन | | 1 |
| 11. | e) शरीर-चर्म का दान | | 1 |
| 12. | a) रवींद्रनाथ ठाकुर | | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| III. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** $4 \times 1 = 4$ | |
| 13. | जापान के लोगों को कौनसी बीमारियाँ अधिक होती हैं ?<br>**उत्तर :** जापान के लोगों को मानसिक बीमारियाँ अधिक होती हैं। | 1 |
| 14. | लेखक की माँ किस समय पेड़ों के पत्ते तोड़ने को मना करती थीं ?<br>**उत्तर :** लेखक की माँ सूरज ढलने के बाद पेड़ों के पत्ते तोड़ने को मना करती थीं। | 1 |
| 15. | कंपनी बाग में रखी तोप को कैसे सम्हाला जाता है ?<br>**उत्तर :** विरासत में मिली कंपनी बाग की तरह साल में दो बार चमकाते हुए सम्हाला जाता है। | 1 |
| 16. | कवि रवींद्रनाथ ठाकुर जी कविता में किससे प्रार्थना कर रहे हैं ?<br>**उत्तर :** कवि रवींद्रनाथ ठाकुर जी कविता में करुणामय (भगवान) से प्रार्थना कर रहे हैं। | 1 |
| IV. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :** $8 \times 2 = 16$ | |
| 17. | पुलिस ने बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को क्यों घेर लिया था ?<br>**उत्तर :** * पुलिस कमिश्नर द्वारा निकली नोटिस के अनुसार कोई सभा नहीं होना<br>* लोग जुलूस बन कर कोई मैदान तथा सड़कों पर इकट्ठे नहीं होना<br>* लोग मैदान में झंडा नहीं फ़हराना | 2 |
| 18. | तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का राय बताइए।<br>**उत्तर :** * तलवार लकड़ी की होने के बावजूद, उस तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति का वास। | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * तताँरा अपनी तलवार को कभी अलग न होने देता और दूसरों के सामने उपयोग भी न करता।<br>* ततांरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य था। | |
| 19. | प्राकृति में आए असंतुलन का परिणाम लिखिए।<br>**उत्तर :** * गरमी में ज्यादा गरमी<br>* बेवक्त की बरसातें<br>* जलजले-सैलाब (भूकंप-बाढ़)<br>* तूफान और नित नए रोग | 2 |
| 20. | कवि कबीर ने दोहे में पंडित के बारे में क्या कहा है ?<br>**उत्तर :** केवल बड़ी-बड़ी पुस्तकें पढ़ने के बदले ईश्वर प्रेम का एक अक्षर पढ़ लेता तो वही पंडित है। | 2 |
| 21. | कवि मैथिलीशरण गुप्त ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है ?<br>**उत्तर :** * जो मनुष्य अपनी मृत्यु से पहले दूसरे व्यक्तियों की भलाई करता है और परोपकार करता है।<br>* मृत्यु के बाद भी लोग जिसे याद करते हैं वही सुमृत्यु है। | 2 |
| 22. | कंपनीबाग में रखी तोप से क्या सीख मिलती है ?<br>**उत्तर :** * चाहे कोई कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो एक ना एक दिन उसका अंत हो ही जाता है। जैसे शक्तिशाली तोप आज निष्प्रयोजक बन पड़ा है। | 2 |
| 23. | हरिहर काका को ठाकुरबारी के महंत और साधु-संतों पर श्रद्धा क्यों कम हो गई ?<br>**अथवा**<br>हरिहर काका अपने परिवार से अलग क्यों रहने लगे ? | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** * हरिहर काका के पास पंद्रह बीघे खेत था।<br>* यह जमीन पाने के लिए ठाकुरबारी के महंत, साधु-संत और उनके पक्षधर अपहरण करके, मार-पीट करके जबरन उनके अँगूठे का निशाना कागज़ों पर लिए थे।<br>* इसलिए श्रद्धा कम हो गई।<br>**अथवा**<br>* अपने भाई और साधु-संत एवं महंत के दुराचारों से तंग आ गए<br>* अपने खून के रिश्तेदार और ठाकुरबारी के लोगों पर भरोसा चला गया | 2 |
| 24. | पूरे घर में इफ़्फ़न को अपनी दादी से ही विशेष स्नेह क्यों था ?<br>**अथवा**<br>टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही ?<br>**उत्तर :** * इफ़्फ़न की दादी उसे कभी गालियाँ नहीं देती थी और बहुत प्यार करती थी।<br>* वह रात के समय बहराम डाकू, अनार परी, बारह बुर्ज, अमीर हमज़ा, गुलाब कावली, हातिमताई, पंच फुल्ला रानी की कहानियाँ सुनाया करती थी।<br>**अथवा**<br>* क्योंकि टोपी की दादी हमेशा डाँटती थी।<br>* इफ़्फ़न की दादी हमेशा हँसते हुए प्यार भरी बातों से उनकी ही भाषा में बात करती थीं। | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * इफ़्फ़न की दादी रोज़ रात में तरह–तरह की कहानियाँ सुनाती थी। | |
| V. क) | **निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए :** 9 × 3 = 27 | |
| 25. | खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी।<br>**उत्तर :** * 26 जनवरी 1930 को गुलाम भारत में पहली बार स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था। लेकिन उस वर्ष कलकत्ता में लोगों की सहभागिता साधारण थी।<br>* 26 जनवरी 1931 स्वतंत्रता दिवस की पुनरावृत्ति थी। इस बार कलकत्ता के लोग उत्साहपूर्ण भाग लिए थे।<br>* केवल प्रचार में दो हजार रुपये खर्च किये थे।<br>* बड़े बाज़ार के प्राय: मकानों पर और कलकत्ते के प्रत्येक भाग में झंडे लगाए गए थे।<br>* श्रद्धानंद पार्क में झंडा गाड़ दिया था।<br>* पुलिस कमिश्नर नोटिस निकाल दिए थे कि कोई सभा का आयोजन न करें।<br>* लेकिन कौंसिल की ओर से नोटिस निकल गया था कि ठीक चार बजकर चौबीस मिनट पर झंडा फ़हराया जाएगा तथा मोनुमेंट के नीचे स्वतंत्र की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी।<br>* पुरुष, महिलाएँ जुलूस बनकर भाग ले रहे थे।<br>उमंगों से भरी इस सभा के बारे में लेखक ने उत्प्रेक्षित शब्दों में उपर्युक्त वाक्य को उल्लेखित किया है।<br>[ उपर्युक्त में से कोई चार–पाँच अंश ] | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 26. | समाज के पास अगर शाश्वत मूल्यों जैसा कुछ है तो वह आदर्शवादी लोगों का ही दिया हुआ है।<br>**उत्तर :** * लेखक 'पतझर में टूटी पत्तियाँ' पाठ के 'गिन्नी का सोना' भाग में कहता है कि –<br>* समाज में दो प्रकार के लोग होते हैं। एक आदर्शवादी, दूसरा व्यावहारिक लोग।<br>* व्यवहारवादी लोग हमेशा लाभ–हानि का हिसाब लगाकर कदम उठाते हैं। दूसरों की भलाई न करके, वे स्वयं जीवन में सफल होते हैं।<br>* लेकिन आदर्शवादी लोग खुद ऊपर चढ़के अपने साथ दूसरों को भी ऊपर ले चलते हैं और सफल होकर दूसरों को भी सफ़ल बनाते हैं।<br>* इस कारण लेखक उपर्युक्त वाक्य कहा। | 3 |
| 27. | छू न पाए सीता का दामन कोई<br>राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो<br>**उत्तर :** * 'कर चले हम फ़िदा' कविता के इन पंक्तियों में कवि कैफ़ी आज़मी यह आशय व्यक्त किये हैं कि –<br>* भारत की भूमि सीता माता की तरह पवित्र है।<br>* इसके दामन को छूने का दुस्साहस किसी को नहीं होना चाहिए।<br>* यह धरती राम–लक्ष्मण जैसे श्रेष्ठ वीर पुरुषों की धरती है।<br>* ऐसे वीर सपूत रहते हुए कोई शत्रु रूपी रावण हमारे धरती को छू न पाए। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| ख) | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** | |
| 28. | बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताओं का परिचय दीजिए।<br>**उत्तर :** * बड़े भाई का स्वभाव अध्ययनशील था।<br>* जीवन की समझ पुस्तकें पढ़ने से नहीं, अपितु दुनिया देखने से आती है।<br>* दिन-रात कठिन परिश्रम करते थे।<br>* उनमें बड़े होने की समझदारी थी। इसलिए वे छोटे भाई को तरह-तरह से समझाते थे।<br>* अपने कर्तव्य के लिए वे अपनी इच्छाओं को दबा कर रखते थे।<br>* हमेशा उनके माँ-बाप और दादा की मेहनत को याद करके छोटे भाई को सलाह देते थे।<br>* अपने छोटे भाई को अच्छे रास्ते पर चलने का उपदेश हमेशा दिया करते थे।<br>[ उपर्युक्त में से कोई तीन-चार अंश ] | 3 |
| 29. | निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे ? विवरण दीजिए।<br>**उत्तर :** * तताँरा एक सुंदर और शक्तिशाली युवक था।<br>* निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे।<br>* वह एक नेक और मददगार व्यक्ति था।<br>* सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता।<br>* वह अपने गाँववालों को ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * मुसीबत के समय में कोई भी उन्हें याद करते तो, वह क्षण भर में उपस्थित हो जाता।<br>* अपने या दूसरे गाँवों के पर्व-त्योहारों में विशेष अतिथि के रूप में निमंत्रण पाकर युवकों का प्रेरणादायक व्यक्ति बना था।<br>[ उपर्युक्त में से कोई तीन-चार अंश ] | |
| 30. | मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ? स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर :** मीराबाई श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन इस तरह करती है कि -<br>* श्रीकृष्ण श्याम वर्ण में सुंदर है।<br>* मोर पंख से सजे मुकुट धारण किया है।<br>* श्रीकृष्ण के शरीर पर पीला वस्त्र सुशोभित है।<br>* गले में वैजंती माला पहना है।<br>* वृंदावन में गाय चराते मुरली बजा रहा है। | 3 |
| 31. | कवि सुमित्रानंदन पंत के अनुसार शाल के वृक्ष भयभीत क्यों हो गए ? विवरण कीजिए।<br>**उत्तर :** * क्योंकि शांत पर्वत प्रदेश में वातावरण एकदम परिवर्तित हो जाता है।<br>* चारों ओर घने बादलों से अंधेरा छा जाता है।<br>* भू पर अंबर टूट पड़ने की तरह वर्षा बरसने की आवाज़ निकलती है।<br>* सिर्फ झरनों की आवाज़ बिजलियों की चमक और बादल की गरज, पर्वत प्रदेश में भयभीत वातावरण निर्माण करता है। | 3 |

<table>
<tr><th>प्रश्न संख्या</th><th>सही उत्तर</th><th>अंक</th></tr>
<tr><td>32.</td><td>निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br>ऐसी बाँणी बोलिये, मन का आपा खोइ।<br>अपना तन सीतल करै, औरन कौं सुख होइ।।<br>उत्तर : * इस दोहे को 'कबीर के साखी' से चयन किया गया है।<br>* प्रस्तुत पंक्तियों में कवि कबीर ने वाणी (बातें) की महत्ता पर प्रकाश डाला है।<br>* बातें एसी बोलनी चाहिए, जिससे मन का अहंकार मिट जाए।<br>* अहंकार रहित बातों से स्वयं भी आनंदित हो जाते हैं और दूसरे भी प्रसन्नित हो जाते हैं।</td><td>3</td></tr>
<tr><td>33.</td><td>गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :<br>कबीर का जन्म काशी में हुआ। वे गुरु रामानंद के शिष्य थे। इनकी भाषा पूर्वी जनपद की भाषा थी।<br>उत्तर : ಕನ್ನಡ : ಕಬೀರರ ಜನನ ಕಾಶಿಯಲ್ಲಿ ಆಯಿತು. ಅವರು ಗುರು ರಾಮಾನಂದರ ಶಿಷ್ಯರಾಗಿದ್ದರು. ಇವರ ಭಾಷೆ ಪೂರ್ವಿಜನಪದದ ಭಾಷೆಯಾಗಿತ್ತು.<br>English : Kabir was born in Kashi. He was the Desciple/student of Guru Ramananda. His language was Eastern Folk.</td><td>3</td></tr>
<tr><td>VI.<br><br>34.</td><td>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :<br>2 × 4 = 8<br>वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था, कैसे ? स्पष्ट कीजिए।<br>अथवा<br>सवार ने कर्नल से कारतूस कैसे हासिल किए ? विवरण दीजिए।</td><td></td></tr>
</table>

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| | **उत्तर :** * वज़ीर अली सचमुच एक जाँबाज़ सिपाही था।<br>* वह बहुत हिम्मती और साहसी था।<br>* वह अपनी लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपना प्राण देने के लिए हमेशा तैयार रहता था।<br>* जब उससे अवध की नवाबी छीन ली तो उसने अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करना शुरू कर दिया।<br>* गुस्से में उसने कंपनी के वकील की हत्या कर डाली।<br>* इसके बाद वह गोरखपुर के जंगलों में भटकता रहा।<br>* उसे पकड़ने के लिए कर्नल एवं लेफ्टिनेंट अपनी सेना के साथ जंगल में कई दिनों से खेमे डालकर प्रतीक्षा कर रहे थे।<br>* लेकिन वज़ीर अली उसी खेमे में घूस कर कर्नल से दस कारतूस हासिल करने में सफ़ल हो जाता है।<br>* इससे यह साबित होता है कि वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था।<br>**अथवा**<br>* वज़ीर अली हिम्मती और साहसी सिपाही था।<br>* वज़ीर अली से नवाबी छीन लेने से वह गुस्से में कंपनी के वकील की हत्या कर डाली।<br>* उसे पकड़ने के लिए कंपनी के कर्नल, लेफ्टिनेंट और सिपाहियों ने गोरखपुर के घने जंगल में खेमा डाल कर कोशिश कर रहे थे।<br>* घुड़सवार के रूप में एकदम उनके खेमे में आकर वज़ीर अली कर्नल से मिलकर वह जंगल में रहने का कारण पूछता है।<br>* तब कर्नल वज़ीर अली की गिरफ्तारी की बात बताता है।<br>* तुरंत घुड़सवार वज़ीर अली को पकड़ने के लिए कर्नल से कारतूस माँगता है। इस तरह वज़ीर अली कर्नल से दस कारतूस प्राप्त कर लेता है। | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 35. | **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**<br>जलते नभ ..............................................<br>.............................................................<br>.............................................................<br>................................................ है बादल !<br>**उत्तर :** जलते नभ में देख असंख्यक,<br>स्नेहहीन नित कितने दीपक ;<br>जलमय सागर का उर जलता,<br>विद्युत ले घिरता है बादल ! | 4 |
| VII. 36. | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** $1 \times 4 = 4$<br>विश्वकवि कुवेंपु आधुनिक कन्नड साहित्य के श्रेष्ठ कवि हैं। कुवेंपु जी के माता-पिता धार्मिक स्वभाव के थे। अच्छे आचार-विचारों के धनी थे। इसलिए बालक कुवेंपु के मन पर अच्छे संस्कारों का व्यापक प्रभाव पड़ा। आइरिश कवि 'जेम्स कसिन्स' कभी मैसूर आए थे। उनको अपनी अंग्रेजी कविता संग्रह भेंट करने के उद्देश्य से कुवेंपु जी उनसे मिलने गए। उनके अंग्रेजी कविता संग्रह को देखकर और उनके पोषाक की ओर इशारा करते हुए कसिन्स ने कहा – आपका पहनावा तो स्वदेशी है, मगर कविताएँ स्वदेशी नहीं, कन्नड में कुछ लिखा है तो दिखाइए। इससे प्रभावित होकर कुवेंपु जी मातृभाषा की ओर उन्मुख हुए और कन्नड में कविताएँ लिखने की सिलसिला जारी रखे।<br>**प्रश्न :**<br>अ) कुवेंपु के माता – पिता का स्वभाव कैसा था ?<br>आ) बालक कुवेंपु के मन पर अच्छे संस्कारों का प्रभाव क्यों पड़ा ?<br>इ) कुवेंपु जी आइरिश कवि जेम्स कसिन्स से क्यों मिलने गए थे ?<br>ई) कुवेंपु जी कन्नड (मातृभाषा) भाषा की ओर उन्मुख क्यों हो गए ? | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** अ) कुवेंपु के माता-पिता का स्वभाव 'धार्मिक' था। | 1 |
| | **उत्तर :** आ) उनके माता-पिता अच्छे आचार-विचारों के धनी थे। इसलिए बालक कुवेंपु के मन पर अच्छा संस्कार पड़ा। | 1 |
| | **उत्तर :** इ) कुवेंपु जी आइरिश कवि जेम्स कसिन्स को 'अपना अंग्रेजी कविता संग्रह भेंट करने के' उद्देश्य से गए थे। | 1 |
| | **उत्तर :** ई) जब कुवेंपु ने अपना अंग्रेजी कविता संग्रह कसिन्स को समर्पित किया तो उन्होंने कहा कि-अगर कन्नड में कुछ लिखा है तो दिखाओ। इस बात से प्रभावित होकर कन्नड की ओर उन्मुख हो गए। | 1 |
| VIII. 37. | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** $1 \times 4 = 4$<br>**क) मोबाइल फ़ोन**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ लाभ<br>✳ हानि<br>✳ उपसंहार<br>**ख) बढ़ती हुई जनसंख्या**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ कारण<br>✳ समस्या और परिहारोपाय<br>✳ उपसंहार | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | ग) **पर्यावरण की रक्षा**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ प्रदूषण के कारण<br>✳ प्रदूषण से बचने के तंत्र (उपाय)<br>✳ उपसंहार | |
| | **उत्तर :** ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय विस्तार 2<br>✳ उपसंहार 1 | 4 |
| IX. | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** $1 \times 5 = 5$ | |
| 38. | अपने भाई की शादी का कारण बताकार, दो दिनों की छुट्टी की विनती करते हुए कक्षा अध्यापक के नाम पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>शैक्षिक यात्रा में भाग लेने के लिए लिए अनुमति पत्र और 5,000/- रुपये माँगते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।<br>**उत्तर :** व्यावहारिक पत्र :<br>✳ प्रेषक का पता और दिनांक $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन $\frac{1}{2}$ | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | ✳ विषय $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>**अथवा**<br>पारिवारिक पत्र :<br>✳ प्रेषक का पता और दिनांक $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन एवं अभिवादन 1<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$ | 5 |